हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024

## चाकू लेकर घूमता मिला अपराधी गिरफ्तार



**नागपुर।** एमआईडीसी पुलिस की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त जानकारी के आधार पर जयताला रोड स्थित एक होटल के पास एक अपराधी को हथियार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी अंकुर अविनाश सहारे (24) धरमपेठ कॉलेज के पास काचीपुरा, बजाज नगर निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एमआईडीसी पुलिस की टीम को चाकू लेकर घूमते हुए जयताला रोड स्थित भाउधक्का होटल के पास इस अपराधी के घूमने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना पर पुलिस ने घेरा डालकर उसे गिरफ्तार किया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से चाकू भी मिला है। आर्म्स एक्ट के तहत उसके खिलाफ एमआईडीसी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है जिसमें आगे की जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना पर खर्च होंगे 1,400 करोड़

## 2.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को मासिक किस्त मिल चुकी हैं।

### >33788.40 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पेश

**नागपुर।**

महाराष्ट्र राज्य के फडणवीस सरकार ने नागपुर में शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्य के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राज्य सरकार ने 33,788.40 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें सोमवार को पेश की, जिनमें 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन (मेरी प्यारी बहन) योजना' के लिए 1,400 करोड़ रुपये का प्रावधान है। मंत्री उदय सामंत ने ये अनुपूरक मांगें पेश की, जो सरकार द्वारा बजटीय आवंटन के लिए मांगी गई अतिरिक्त धनराशि हैं। राज्य सरकार ने पिछले बजट में माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता देने के लिए सालाना 46,000 करोड़ रुपये की घोषणा की थी। 2.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को मासिक किस्त मिल चुकी हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले कहा था कि मासिक किस्तों को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का बजट बनाया जाएगा और इसे लागू किया जाएगा। इसी तरह सिंधुदुर्ग जिले के मालवण तालुका में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के लिए 36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।




लोक निर्माण विभाग को 7,490 करोड़ रुपये, उद्योग, ऊर्जा तथा श्रम विभाग को 4,112 करोड़ रुपये, शहरी विकास को 2,774 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास को 2,007 करोड़ रुपये और आदिवासी विकास विभाग को 1,830 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

सिंधुदुर्ग जिले के मालवण तालुका में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के लिए 36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पिछले साल 4 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किए जाने के कुछ ही महीने बाद 26 अगस्त को ढह गई थी।

### कुल 20 विधेयकों पर होगा विचार-विमर्श

सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य विधानमंडल के 2024 के चौथे सत्र में 14 अध्यादेश सभागृह के पटल पर रखकर उसका विधेयक में रूपांतरण किया जाएगा। साथ ही 6 नए विधेयक पेश किए जाएगे। कुल 20 विधेयकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस वर्ष हमने सोयाबीन की खरीदी में पिछले पंद्रह वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस साल भी जमकर खरीदारी हो रही है। पिछले साल सोयाबीन और कपास के लिए विनिमय योजना लागू करके बाजार मूल्य और गारंटीकृत मूल्य के बीच के अंतर को किसान के खाते में स्थानांतरित किया गया था। साथ ही धान किसान को प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपये दिये गये।

# परभणी हिंसा पर विधानसभा में बवाल

**नागपुर।**

शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा में कई मुद्दों पर चर्चाएं की गई। इन मुद्दों में हाल ही में राज्य के परभणी में भड़की हिंसा और सरपंच की हत्या का मामला भी शामिल है। इसमें विपक्ष ने सोमवार को पक्ष से विधानसभा में चर्चा करने के लिए कहा, जिसके लिए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हामी भरी है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोमवार को कहा कि वह हाल ही में परभणी में हुई हिंसा और बीड में एक सरपंच की हत्या के मुद्दे पर राज्य विधानसभा में चर्चा के लिए तैयार हैं। राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन निचले सदन में फडणवीस ने दोनों घटनाओं को गंभीर बताया। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति के सत्ता में आने के बाद ही ये दोनों घटनाएं सामने आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह मुद्दों पर चर्चा करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर बयान देने के लिए तैयार हैं।




### ईवीएम के इस्तेमाल के विरोध में प्रदर्शन

विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को यहां महाराष्ट्र विधान भवन की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया और चुनावों में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के इस्तेमाल के विरोध में नारे लगाए। प्रदर्शन नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन आयोजित किया गया। राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के नेताओं के प्रदर्शन का नेतृत्व किया। एमवीए के नेताओं ने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का आह्वान किया तथा ईवीएम के इस्तेमाल का विरोध किया।

सीएम फडणवीस ने कहा, मुझे विश्वास है कि विपक्ष इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुझाव देने में सहयोग करेगा। हमारी सरकार संविधान के अनुसार काम करती है और इसका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परभणी में (संविधान की प्रतिकृति के) अपमान में संलिप्त एक मानसिक तौर पर बीमार व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

फडणवीस ने सदन में नए मंत्रियों का परिचय भी कराया। सत्र के पहले दिन, सरकार ने आठ विधेयक पुन: पेश किए, जिनमें से एक कुछ जिला परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष तथा कुछ पंचायत समितियों के उपाध्यक्ष के पदों पर चुनाव स्थगित करने के लिए संशोधन था।

# रैली में कीमती सामान उड़ाने वाले 11 गिरफ्तार

### >कोर्ट ने चार दिन के पीसीआर पर भेजा



**नागपुर।** नागपुर में रविवार को हुई मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की स्वागत रैली में लोगों के रुपए और गहने चुरानेवाले आरोपियों को बजाज नगर पुलिस ने चार दिन की हिरासत में लिया है। पुलिस ने नागरिकों की मदद से 11 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा है लेकिन पूछताछ में वह वारदात से इनकार कर रहे है। गिरफ्तार आरोपियों में गोरख तुकाराम मासालकर, बालू नवनाथ मासालकर, आदित्य दीपक बोरकर, आकाश मोहन डुकरे, अमोल शिवाजी पवार, सचिन कालू पवार, अहमदनगर अमोल भगवान उमाप, बीड, शरद श्रीरंग जाधव, अमोल बाबासाहेब गिते, जालना, नदीम नसीम बेग, यवतमाल तथा सुमित रतन रंगारी, कामठी का समावेश है। जानकारी के अनुसार रविवार को विमानतल से बजाज नगर थाना परिसर के दौरान आरोपियों ने 35 लोगों से नकदी और गहने उड़ाए थे। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्वीय सहायक संजय मोहोड़ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मोहोड़ सहित 35 नागरिकों ने 26.33 लाख रुपए के नकदी और गहने चुराए गए है। कई लोगों ने शिकायत ही दर्ज नहीं कराई है। बजाज नगर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से रविवार रात से पूछताछ कर रही है। वह भाजपा कार्यकर्ता बताकर स्वागत रैली का स्वागत करने के लिए आने का बता रहे है। जबकि उनके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज है।

## 1.60 लाख का नायलान मांजा जब्त

### > 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर।** शहर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित नायलान मांजा के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर 2 छापेमार कार्रवाइयों में 4 लोगों को गिरफ्तार कर कुल 1,60,000 रुपये का नायलान मांजा जब्त किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में विशाल सतीश नागपाल (26) कृष्णा अपार्टमेंट, डिप्टी सिग्नल, कलमना, सुशील मधु राहंगडाले (27) हिमाचल कॉलोनी, नाका नंबर 5,कापसी, सूरज दिवाकर मंडलिक (19) और यश विलास डोलसकर (20) मस्कासाथ निवासी का समावेश है।

पहली कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने गोपनीय जानकारी के आधार पर कलमना पुलिस थाने के मिक्सर प्लांट के सामने वीसीए ग्राउंड की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर अंजाम दी गई। रविवार दोपहर करीब 2:00 के दौरान पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की टीम को संदिग्ध रूप में एक्टिव गाड़ी (क्र. एमएच 49 / ए.एक्स. 4756 ) पर विशाल और सुशील जाते हुए दिखाई दिए। जब उनको रुकवाकर उनकी गाड़ी की जांच की गई तो उसमें 55 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन माँजे की मिली। इस कार्रवाई के दौरान गाड़ी, मोबाइल फोन और मांजे सहित 152000 का माल जप्त किया गया।

# पुस्तक से मिलेगी शीतकालीन सत्र की ऐतिहासिक प्रगति पर जानकारी



**नागपुर।**

नागपुर में शीतकालीन सत्र के अवसर पर विदर्भ विकास से लेकर जन-उन्मुख शासन निर्णयों सहित कई सामाजिक मुद्दों पर सदन में चर्चा से लेकर नागपुर विधान भवन ने एक मील का पत्थर अनुभव किया है। शीतकालीन सत्र में कपास किसानों से लेकर बैकलॉग तक पर बहुत ही गहन चर्चा हुई है। इसका उद्देश्य इसकी समीक्षा करते हुए एक संपूर्ण संदर्भ पुस्तक तैयार करना है। विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोऱ्हे का मानना है कि यहां की तीन पीढ़ियों की भागीदारी वाला सशक्त संपादक मंडल इस पुस्तक को निर्धारित समय सीमा के अंदर विद्वत्तापूर्ण ढंग से प्रस्तुत करेगा।

नागपुर के शीतकालीन सत्र को कवर करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों की एक विशेष बैठक उपसभापति डॉ.गोऱ्हे ने आयोजित की थी। विधान भवन के कॉमनवेल्थ कमेटी हॉल में डॉ.गोऱ्हे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विधान भवन के सचिव 2 (प्रभारी) विलास आठवले, वि.स.पागे संसदीय प्रशिक्षण केंद्र के संचालक निलेश मदाने, नागपुर विभाग के सूचना संचालक डॉ.गणेश मुळे, पूर्व संपादक सुधीर पाठक, नागपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप मैत्रा, लोकमत के संपादक श्रीमंत माने, महाराष्ट्र टाइम्स के संपादक श्रीपाद अपराजित, तरुण भारत के संपादक गजानन निमदेव, पुण्य नगरी के संपादक रमेश कुलकर्णी, वरिष्ठ पत्रकार प्रभाकर दुपारे, आनंद निर्वाण, विश्वास इंदुलकर, शैलेश पांडे, महेश उपदेव, रवी गुळकरी, विकास वैद्य, वैभव गांजापुरे एवं अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

ये संपादक और वरिष्ठ पत्रकार सहर्ष योगदान देने को तैयार हो गये।

सभी की ओर से 'नागपुर में शीतकालीन सत्र - विधान परिषद में ऐतिहासिक पदचिह्न' पुस्तक के पूर्ण निर्माण के लिए एक संपादकीय बोर्ड नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक की अध्यक्षता में संपादकीय बोर्ड की बैठक में इसकी घोषणा की गई। प्रदीप मैत्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीपाद अपराजित, श्रीमंत माने, गजानन निमदेव, रमेश कुलकर्णी, शैलेश पांडे, भूपेन्द्र गणवीर, महेश उपदेव, प्रभाकर दुपारे, मनीष सोनी, आनंद निर्वाण, विकास वैद्य और नागपुर-अमरावती डिवीजन के सूचना निदेशक डॉ. गणेश मुले, समन्वयक संपादक नीलेश मदाने शामिल थे। यह भी स्पष्ट किया गया कि चर्चा के अनुसार आवश्यक विस्तार किया जाएगा।

इस प्रस्तावित पुस्तक पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इसकी सामग्री शोध एवं संदर्भ की दृष्टि से पूरक होनी चाहिए। हर कोई इस बात पर सहमत था कि अगर शीतकालीन सत्र को कवर करने के दौरान पत्रकारों ने जो अनुभव किया, उसे प्रतिबिंबित करने से रिपोर्ट की पठनीयता बढ़ जाएगी।



# बदहाल है नागपुर का पांचपावली ओवरब्रिज

**नागपुर।**

नागपुर मध्य में स्थित कमाल चौक से गुजरने वाला पांचपावली ओवर ब्रिज यातायात में अहम भूमिका निभा रहा है। हज़ारों लोग इस पर से प्रतिदिन आवागमन करते हैं, इसमें मरीज़ , जोड़ों के दर्द से पीड़ित और गर्भवती महिलाओं जैसे अनेक लोग होते हैं, किसी को चिकित्सा की बहुत शीघ्र आवश्यकता होती है तो इसी बीच किसी को झटके बर्दाश्त नहीं होते ।

यह दशा है कमाल चौक और गोलीबार चौक को जोड़ने वाले पांचपावली ओवर ब्रिज की। ओवर ब्रिज का हाल बेहाल होने के कारण उस पर बने गड्ढे हर जल हाल बेहाल है, उस पर बने गड्ढे हर एक को दुविधाओं में डाल देते हैं। बड़ी दुविधाएं उठाकर वाहन चालक इस पर से निकल पाते हैं। इस संबंध में जमाअत-ए इस्लामी-हिंद नागपुर के मीडिया सचिव डॉ.एम.ए.रशीद ने संबंधित विभाग से मांग की है कि इसका मुआयना कर उसका ऐसा नवनिर्माण किया जाए कि वह आधुनिक तर्ज़ का रूप ले सके और वह लोगों को राहत का मार्ग बन सके, इसकी शीघ्र पहल की जाना चाहिए।

# 2 वाहन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**नागपुर।** सिताबर्डी पुलिस थाने के मुंजे चौक से दिन दहाड़े चोरी हुई दुपहिया गाड़ी मामले में पुलिस ने गोपनीय जानकारी और तांत्रिक जांच के बाद आरोपी को ग्रिफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की 2 दुपहिया गाड़ी भी पुलिस ने बरामद की है। पकड़ा गया यह शातिर चोर जयताला रोड़ साईनगर, दाते ले आउट निवासी रोहित सुभाष नेहारे (24) बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बिनाकि मंगलवारी इंदिरा माता नगर निवासी कृष्णा नथूजी उईके (27) फर्निचर बनाने का काम करते हैं। 6 दिसंबर को काम के चलते कृष्णा मुंजे चौक स्थित मेट्रो स्टेशन के बाजू में स्थित गैलेक्सी नामक दुकान के पास आये थे। दुकान के सामने ही उन्होंने अपनी बाईक क्रमांक एम एच 49 ए. एक्स. 1183 को पार्क किया था जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।




# पाटनसावंगी स्थित टोल बूथ तत्काल हटाएं..!

## विधायक डॉ.देशमुख ने विभिन्न विषयों पर लंबित कार्यों को लेकर की बैठक

**नागपुर.** सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ.आशीष देशमुख के सुझाव अनुसार सोमवार को प्रमुख मुद्दों पर लंबित कार्यों के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, (एनएचएआई) क्षेत्रीय प्रभाग, लोक निर्माण विभाग, सिविल लाइन्स, नागपुर में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस अवसर पर विधायक डॉ.देशमुख ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) नागपुर कैंप कार्यालय, नागपुर के क्षेत्रीय निदेशक को सावनेर तालुका में पाटन सावंगी टोल गेट को तत्काल हटाने के संबंध में एक पत्र दिया।

सावनेर-कलामेश्वर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के रूप में चुने जाने के बाद, मैंने निर्वाचन क्षेत्र में सभी लंबित कार्यों की समीक्षा के लिए 10 दिसंबर को सभी सरकारी



प्रमुखों के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई। हजारों नागरिक भी बड़ी आशा से अपने व्यक्तिगत एवं निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्य कराने के लिए वहां पहुंचे। विभाग के अधिकारियों से एक-एक विषय पर चर्चा की गयी। इस समय लोगों ने शिकायत की कि पाटन सावंगी स्थित टोल बूथ परेशानी का कारण बन रहा है। नागरिकों ने नागपुर-सावनेर रोड टोल बूथ हटाने की मांग की। विधायक डॉ.देशमुख ने कहा, उनकी मांग के अनुसार एनएचएआई कर्मचारियों से सावनेर-कलमेश्वर निर्वाचन क्षेत्र के कोने-कोने से तत्काल हटाने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। डॉ.देशमुख ने यह भी कहा कि 22 किलोमीटर की दूरी पर 2 टोल बूथ बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। इस टोल के कारण आम नागरिकों, किसानों, लिपिक कर्मचारियों और छात्रों को परेशानी हो रही है और उन्होंने इस क्षेत्र से अवैध टोल हटाने की मांग की।

नागपुर-बैतूल राजमार्ग को इस क्षेत्र की उपलब्धि माना गया। सावनेर-नागपुर हाईवे पर बनाए जा रहे अवैध टोल बूथों के कारण आम वाहन चालकों की जेब पर बोझ बढ़ गया है. छिंदवाड़ा मार्ग पर केलवद के पास 22 किमी की दूरी पर दो टोल बूथ हैं, जो अपने अधिकार का उपयोग करके सभी लोगों से अवैध रूप से टोल वसूल रहे हैं। इसके अलावा दो टोल बूथ नागपुर से सौंसर जाने वाले लोगों से दोगुना टोल वसूल रहे हैं। शुरुआत में इस टोल बूथ को सावनेर-पांढुर्णा मार्ग पर उमरी गांव के पास पाटन सावंगी में स्थापित करने की योजना थी। लेकिन कई वर्षों से पाटन सावंगी में इस अवैध पुल के कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है. आश्चर्य की बात है कि इतने गंभीर मुद्दे पर पिछले प्रतिनिधि दशकों तक चुप रहे।

विधायक डॉ.आशीष देशमुख ने एनएचएआई के क्षेत्रीय निदेशक को पत्र कहा- लोग अक्सर नागपुर, कोराडी आते हैं। लेकिन, पाटन सावंगी में इस अवैध टोल बूथ के कारण जनता की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है. इस सड़क का उपयोग केवल स्थानीय लोग ही नहीं करते। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा क्षेत्र के लोग भी किसी भी काम खासकर चिकित्सा उपचार के लिए नागपुर को ही पसंद करते हैं। लेकिन पाटन सावंगी में इस अवैध टोल बूथ के कारण यात्रियों की संख्या कम हो गई। इसलिए, पाटन सावंगी टोल ब्रिज के कारण लोगों को होने वाली कठिनाई के वास्तविक तथ्यों को जानने के बाद, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर खत्म करने के लिए कार्रवाई शुरू करें। इस समय भाजपा के डॉ.राजीव पोतदार, मनोहर कुंभारे, ठेंग, सिन्हा, चंद्रशेखर गिरी, सुनिल दमाहे, रूपेश बोदडे, श्रीवास्तव, मंदार मंगळे, महेश चकोले, पियुष बोर्डे, अनंता पडाळ, पिंटू सातपुते, राजेंद्र जायसवाल, धनराज देवके, अभिषेक धोटे आदि उपस्थित थे।

CMYK

# खैरी में भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**कामठी.**

तहसील के खैरी ग्राम पंचायत स्थित मंदिर में वै. शंकर महाराज ठाकरे, खैरी के प्रेरणा से चल रही अखंड हरिनाम सप्ताह, कार्तिक मास काकड़, भजन आरती, दत्त जयंती के अवसर पर श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के समापन में हवन यज्ञ और दही काला व भंडारे का आयोजन किया गया. भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण किया.

क्षेत्र के ग्राम खैरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पंडित श्रीमद भागवत कथा भागवताचार्य ह.भ.प. सुभाष महाराज चंदनबावने सहित ह.भ.प. सुरेश महाराज दलवे, ह.भ.प. गुलाबराव महाराज बावनकुले एवं कीर्तनकार ह.भ.प. आकाश महाराज ठाकरे, ह.भ.प.महेश महाराज सोनटक्के, ह.भ.प.संतोष महाराज निंबालकर, ह.भ.प.निंबाजी महाराज तांगड़, ह.भ.प. अविनाश महाराज भोयर, ह.भ.प.शिव चरित्रकार, ह.भ.प.ज्ञानेश्वर महाराज महल्ले, ह.भ.प.पंकज महाराज पवार ने 7 दिन तक भक्तों को श्रीमद भागवत महापुराण कथा की महिमा बताई. उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा. व्यास जी ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है. व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं. यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं.



### व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है

ज्ञात हो कि घट स्थापना, अखंड ज्योतप्रज्वलन, वीणा आरंभ, पूजा-अर्चना-आरती ह.भ.प. रमेश बरग़ट, ह.भ.प. दामोदर शिवनकर, ह.भ.प. पुजारी ह.भ.प. बादल महाराज बावने द्वारा किया गया एवं दैनिक कार्यक्रम में वीणकरी ह.भ.प.चांगदेव महाराज कारेमोरे, ह.भ.प. रामकृष्ण महाराज ठोंबरे, ह.भ.प.चिंतामण महाराज मेसराम, ह.भ.प.मोरेश्वर महाराज बांगडे ने सहकार्य किए.




# खेड़ी में केंद्र स्तरीय खेल, सांस्कृतिक महोत्सव मनाया गया

**कामठी**

ग्राम पंचायत खेड़ी-पांढरकवड़ा के अंतर्गत जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय खेड़ी के प्रांगण में केंद्र स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव मनाया गया.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद महिला एवं बाल कल्याण सभापति अवंतिका लेकुलवाले, पंचायत समिति सभापति दिशा चनकापुरे, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति आशीष मल्लेवार, कृ.ऊ.स. कामठी संचालक सचिन घोडमारे, पूर्व उपसरपंच नामदेव ठाकरे, पूर्व सदस्य सौरभ मेंढे, भारती घोंगडे, विनोद हिवरकर ,पोलीस पाटील मेघराज मस्के, केंद्र प्रमुख चोपकर सर, बारापात्रे सर, नटीया मॅडम, चव्हाण सर, नासरे सर आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे.

# ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में मूक-बधिर विद्यार्थियों का शिविर संपन्न

## एक दिवसीय शिविर में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया



**कामठी**

विश्व प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस क्षेत्र में स्थित ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में सोमवार को पहली बार मूक बधिर विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में मूक बधिर विद्यार्थियों के लिए आनापान एक दिवसीय शिविर का समापन हुआ. इस शिविर में मुक बधिर आवासीय विद्यालय सावनेर से 60 मूक बधिर विद्यार्थियों ने भाग लिया. इस शिविर में कु. संगीता शिंदे मैडम ने विद्यार्थियों को आनापान क्रिया समझाई और करवाई. छात्रों को आनापान क्रिया के फायदे बताए गए. सभी विद्यार्थियों ने आनापान कृति की अच्छी समझ होने की भावना व्यक्त की और प्रसन्नता महसूस की. संजय लुगे सर ने आश्वासन दिया कि विद्यालय में अब आनापान की कार्रवाई जारी रहेगी. शिविर के बाद सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ड्रैगन पैलेस टेंपल का भ्रमण किया. इस अवसर पर ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने छात्रों को ड्रैगन पैलेस टेंपल और उसके आसपास के बारे में जानकारी दी और आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे.

# बांग्लादेश में हिंदू सम्मान के लिए सकल हिंदू समाज का आंदोलन

**नागपुर.**

जागतिक मानवाधिकार आयोग दिवस के अवसर पर नागपुर के वेरायटी चौक पर सकल हिंदू समाज ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ भव्य आंदोलन और मोर्चा आयोजित किया। इस आंदोलन का उद्देश्य बांग्लादेश में पिछले चार महीने से हो रहे हिंदुओं के कत्लेआम और उनके खिलाफ हो रही अमानवीय घटनाओं के विरोध में आवाज उठाना था।

इस मोर्चे का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख, और पंजाबी समाज के लोग शामिल हुए। मनीष नगर से वेरायटी चौक तक बाइक और कार रैली निकाली गई, जिसमें "हिंदू-हिंदू भाई-भाई," "बांग्लादेश के हिंदुओं के सम्मान में, राष्ट्रीय बजरंग दल मैदान में," जैसे नारे लगाए गए। वेरायटी चौक पर सभा को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विदर्भ प्रांत कार्याध्यक्ष डॉ. मोतीलाल चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अब बर्दाश्त से बाहर हैं। वहां हिंदू महिलाओं के साथ खुलेआम दुष्कर्म और हत्या की जा रही है। हिंदू पुरुषों को बेरहमी से मारा जा रहा है, उनके घर लूटे जा रहे हैं। उन्होंने इस्कॉन के वरिष्ठ पुजारी प्रभु चिन्मयदास के साथ हो रहे अन्याय का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है और उनके वकील पर भी जानलेवा हमला किया गया।




डॉ. चौधरी ने मानवाधिकार संगठनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब भारत में एक विशिष्ट समुदाय के साथ घटना होती है, तो ये संगठन तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार पर ये संगठन क्यों चुप हैं? उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कड़ी कार्रवाई कर बांग्लादेश को सबक सिखाने की मांग की।

डॉ. चौधरी ने चेतावनी दी कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल जरूरत पड़ने पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश से भगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करेगा।

इस अवसर पर प्रांत मंत्री योगेश गायकवाड़, जिला अध्यक्ष कौस्तुभ आवले, शहर महामंत्री निलेश बोपचे, मंत्री प्रसाद कथिकर, श्रीकृष्ण तलेगांवकर, प्रकाश बघेले, राहुल क्षीरसागर, मोहन गोरे, अनिल गायकवाड़, विनीत तिवारी, सौरभ तिवारी, शुक्लाजी, जैलाल पटले, शैलेंद्र श्रीवास्तव, और साहेब येले सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 18 को शीतकालीन सत्र में हड़ताल-मार्च

## जिले के निर्माण श्रमिकों से आंदोलन में शामिल होने की अपील



**नागपुर.**

महाराष्ट्र राज्य निर्माण श्रमिक संघ की ओर से आगामी 18 दिसंबर को नागपुर में शीतकालीन सत्र के दौरान हड़ताल मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च सुबह 11 बजे यशवंत स्टेडियम से विधानभवन तक निकाला जाएगा। इस प्रदर्शन का उद्देश्य महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। संघ ने जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों, अन्य श्रमिक वर्गों और संगठनों से इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि आचार संहिता के नाम पर रुके श्रमिक कार्य फिर शुरू किए जाएं। हालांकि, पोर्टल पर दिख रही जानकारी के अनुसार आदेश लागू होने के बावजूद कार्य बंद हैं।संघ के नेताओं प्रशांत रामटेके, महेश दुबे, रजनी देव्हारे, राहुल नगराले, अंकुश मुंजेवार सहित अन्य ने इस आंदोलन में भाग लेने की अपील की है। सभी संगठनों ने कहा कि यह मार्च सरकार को श्रमिकों की ताकत दिखाने का मौका है।श्रमिक संघों ने साफ किया है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### प्रमुख मांगे

1. **ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत:** हाई कोर्ट के आदेशानुसार ऑनलाइन पोर्टल तुरंत शुरू कर सभी लंबित प्रक्रियाओं को पूरा किया जाए।
2. **5000 रुपये अनुग्रह अनुदान:** श्रम मंत्री सुरेश खाड़े द्वारा घोषित 54 लाख श्रमिकों को अनुदान की राशि तुरंत उनके खातों में हस्तांतरित की जाए।
3. **लंबित लाभों की मंजूरी:** 26 लाख लंबित आवेदनों को शीघ्र मंजूरी दी जाए।
4. **बोर्ड में स्थायी नियुक्तियां:** बोर्ड में संविदा प्रणाली खत्म कर स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए।
5. **पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्राथमिकता:** एमएससीआईटी और 12वीं उत्तीर्ण बच्चों को योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए।
6. **सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन:** पंजीकृत ट्रेड यूनियनों को श्रमिक पंजीकरण और अन्य कार्य सौंपे जाएं।

### अन्य मांगें और मुद्दे:

- महाराष्ट्र सरकार द्वारा श्रमिकों के लाभ संबंधी सभी लंबित आवेदनों का एक महीने के भीतर निपटारा किया जाए।
- श्रमिकों की विधवाओं को लंबित अंत्येष्टि भत्ते और अन्य लाभ तुरंत दिए जाएं।
- श्रमिकों का सत्यापन कार्य 2026 के बजाय अगले महीने के भीतर पूरा किया जाए।पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों के नए पंजीकरण और नवीनीकरण पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

# खेल महोत्सव से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आएंगे

## व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं: डांगोरे

**- कोंढाली.**

मोबाइल और कंप्यूटर के आधुनिक तकनीक जमाने में सेहत का ख्याल रखना जरूरी है. बच्चों को स्कूली जीवन से ही मैदानी , सांघिक,खेल तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समय देना चाहिए। स्कूलों में शारीरिक शिक्षा की कक्षाएं फिर से शुरू करना जरूरी है ,और हर व्यक्ति के जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। यह मार्गदर्शन काटोल पंचायत समिति के सभापति संजय डांगोरे द्वारा जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनापानी में आयोजित केंद्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन के अवसर पर पर मार्गदर्शन किया ।

काटोल पंचायत समिति के खुर्सापार केंद्र के तहत जूनापानी उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित खेल तथा सांस्कृतिक महोत्सव उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश वाढवे के मातहत में 13 दिसंबर को जूनापानी उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित केंद्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया. इस अवसर पर काटोल पंचायत समिति के उपसभापति निशिकांत नागमोते, नागपुर जिला परिषद के कोंढाली जिला सदस्य पुष्पा चाफले, काटोल पंचायत समिति सदस्य अरुण उइके, लताताई धारपुरे, ग्राम पंचायत जूनापानी के सरपंच किस्मत चौहान, उप सरपंच उत्तमराव काले, प्रमोद चाफले, गुणवंत खवसे, दुर्गा प्रसाद पांडे के प्रमुख उपस्थिती में स्कूल प्रबंधन खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ स्थानीय स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में खेल ध्वज फहराकर एवं चंदन पारडी से जुना पानी तक लाई गई खेल ज्योति प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। केन्द्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन के अवसर मैदानी खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा केन्द्र स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं सांस्कृतिक महोत्सव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालयीन शिक्षा तक खेलों को महत्व दिया जाना चाहिए, ऐसा मत पंचायत समिति सदस्य लताताई धारपुरे ने व्यक्त किया कि खेलों को महत्व देने के लिए ग्राम पंचायत, पंचायत समिति के साथ-साथ जिला परिषद खेल निदेशालय को भी महत्व दिया जाना चाहिए। राष्ट्रमंडल एवं खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने हेतु उनकी ओर से पुरस्कार हेतु विशाल धनराशि बढ़ाने हेतु जन प्रतिनिधियों को अपने स्थानीय स्वशासन निकायों में एक प्रस्ताव पारित कर उस निधि को स्वीकृत कराना चाहिए यह जानकारी उपसभापती निशिकांत नागमोते ने दी।इस अवसर पर काटोल पंचायत समिति सदस्य अरुण उइके, जूनापानी के सरपंच किस्मत चव्हाण, उपसरपंच उत्तमराव काले, कोंढाली ग्राम पंचायत के पूर्व सदस्य प्रमोद चाफले, केंद्र प्रमुख वाढवे ने भी मार्गदर्शन दिया. खेल प्रतियोगिताओं में लंगड़ी खो खो, कबड्डी, रिले दौड़, 200 मीटर दौंड, दौंड, कुश्ती, खेल टीम, नृत्य समूह, व्यक्तिगत गीत, गायन, वक्तृत्व कला, एक अभिनय, वरिष्ठ कबड्डी विजेता स्कूल, जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनापानी, जूनियर कबड्डी विजेता, जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय, खुर्सापार टीम नृत्य, वरिष्ठ जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनापानी जूनियर डांस जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदन पार्टी रिले रेस जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय खुर्सापार ऊंची कूद में कुणाल पाठे, जूनापानी 200 मीटर कुणाल पाठे, जूनापानी कार्यक्रम सफल रहा चंदन पाड़ी स्कूल के प्रधानाध्यापक रूपेश राठौड़ ,स्कूल की सहायक अध्यापिका सुनीता झाडे, अर्चना मोटे, विदेश्वर सोमकुवर परडबाजाने प्रमोद शिंगनापुरे आदेश केंद्र स्कूल के शिक्षक प्रधानाचार्य नरेंद्र मडके, स्कूल प्रबंधन के उपाध्यक्ष सुरेखा डोंगरे प्रबंधन समिति के सदस्य डोंगर ,साहेबराव कडवे ,सविता बारंगे माधुरी पाठे अर्चना गाद्रे, ग्राम पंचायत सदस्य सुनीता टोपले केंद्र प्रमुख रमेश गाडवे प्रधानाध्यापक प्रमोद बोडखे उपस्थित थे।





इस खेल तथा सांस्कृतिक महोत्सव के अवसरपर संचालन सुनंदा जामदार, प्रास्ताविक केंद्र प्रमुख रमेश गाडवे, आभार प्रधानाचार्य प्रमोद बोडखे ने किया.

### पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का विकास होता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने वाले बच्चे फुर्तीले, ऊर्जावान होते हैं। उनकी हड्डियां मजबूत होती हैं और चेहरे पर चमक आती है। पाचन क्रिया अच्छी रहती है. आंखें अच्छी रहती है, शरीर वज्र के समान हो जाता है। जिप सदस्य पुष्पा चाफले ने कहा कि व्यायाम नहीं करने से व्यक्ति आलसी और सुस्त हो जाता है. खेल में कभी हम जीतते हैं तो कभी हारते हैं। इसलिए हमारे अंदर खेल भावना का विकास होता है। टीम भावना बढ़ती है. दुनिया में आगे बढ़ते हुए, हम समझते हैं कि चारों तरफ से कैसे चलना है। इसलिए खेल इतने महत्वपूर्ण हैं। हर किसी को एक बच्चे की तरह खेलने का मौका मिलना चाहिए।' उपसभापती निशिकांत नागामोते ने कहा कि हर बच्चे को यह अधिकार है.

# विविध मुद्दों पर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने की तहसीलदार से मांग



**वाडी.**

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष और सचिव ने प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पूरे के तहसीलदारों और समूह विकास अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के कार्य के दायरे को देखते हुए एग्रीस्टॉक परियोजना कार्यान्वयन कार्य की विनम्र अस्वीकृति के बारे में सूचित किया। नागपुर जिले में ग्राम पंचायत अधिकारी और आचार संहिता के कारण लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए समय की आवश्यकता है होना का बताया। जिला अध्यक्ष विष्णु पोटभरे ने कहा कि महाराष्ट्र में संघ द्वारा मांग किए गए मुद्दों को हल किया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत से ही लोकसभा और विधानसभा के आम चुनाव हो चुके हैं. चुनाव अवधि के दौरान आचार संहिता की अवधि लंबी थी, इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत लाभ योजनाओं का कार्यान्वयन लंबित है और राज्य और केंद्र सरकार से प्राप्त धनराशि ग्राम पंचायत अधिकारी संवर्ग के बाद से लंबित है प्रासंगिक सरकारी निर्णय के अनुसार एग्रीस्टैक परियोजना मार्च 2025 तक संपूर्ण कार्य पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। ज्ञापन में कहा गया है कि कार्यान्वयन के लिए कोई समय नहीं दिया जा सकता है, इसलिए नागपुर जिले के सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विनम्रतापूर्वक उक्त कार्य को अस्वीकार कर दिया है और ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मांग को हल करने कि ओर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

# वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दे रहे दलाल सक्रिय

## युवतियां एवं किशोरियां फ़ंस रही पैसों के मायाजाल में

**कन्हान.**

कन्हान से रामटेक तक कई ऐसे लॉज हैं जहां दलालो द्वारा युवतियों एवं किशोरियों का सप्लाय किया जाता है. जिसकी खबर फिल्हाल परिसर में सुरखियो मे है, किंतु पुलिस प्रशासन को हलके में लेकर यह अश्लील धंदा सर चढ के बोल रहा दिखाई पडता है. रामटेक में पर्यटन नागपुर से घंटे भर की दूरी पर है, दलालों को ना किसी की का डर, ना किसी की फिकर,ना कोई शर्म है.पर्यटक ज्यादातर नागपुर में ही रुकते है, फिर भी रामटेक से नागपुर तक सैकड़ों लॉज है जो अपनी हाजिरी लगा रहे हैं. लॉज यवसाय में तो मानो प्रतियोगिता लागी हुयी है.

### नियमित जांच की जानी चाहिए

हाईवे होने से यात्री कई बार लॉज में रुकते भी है, मगर ज्यादातर देखा जाए तो कई लॉज में किशोरियों एवं युवतियां कॉलेज टाइम में उपलब्ध हुआ करती हैं, जिसकी पुलिस प्रशासन ने नियमित जांच की जानी चाहिए, लेकिन ऐसे होता नहीं है, शायद ये माया का जाल होणे की संभावना हैं. पुलिस प्रशासन ने इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेने की आवश्यकता है.

# नवनाथ आश्रम में दत्त जयंती समारोह संपन्न

**सावनेर.**



15 किमी दूर तेलंगखेड़ी स्थित नवनाथ आश्रम में दत्त जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। सामूहिक पारायण एवं महाप्रसाद सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवनाथ आश्रम सेवा समिति द्वारा आयोजित ईस भव्य आयोजन के पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोहर कुंभारे श्रीराम कडस्कर कृष्णराव गिरदे तेलंगखेड़ी ग्राम के सरपंच प्रशांत देशमुख सामाजिक कार्यकर्ता डोमसाव सवजी पुलिस पाटिल रंजना हिवरकर आदि की प्रमुख उपस्थिती के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यकारी अध्यक्ष अजय गिरडे, उपाध्यक्ष वामन ज़ोटिंग, अशोक हिवारकर, प्रवीण गिरडे, विजय गिरदे पत्रकार नीलेश रावेकर, आश्रम व्यवस्थापक श्रेयस गिरडे, खुशाल घोटेकर, धनंजय गिरडे ने प्रयास किया।

# पोरवाल कॉलेज में अंतर-विद्यालयीन क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन

**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज में 23 और 24 दिसंबर 2024 को आंतर-विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालयीन खेलकूद का आयोजन किया गया है.

पोरवाल जूनियर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया कि आंतर-शालेय क्रीडा स्पर्धा का आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना है. इसमें शारीरिक योग्यता विकसित करना, संघवृत्ती में सुधार करना और शारीरिक गतिविधि को बढ़ाना भी शामिल है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण, उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक प्रा. वी.बी. वंजारी और खेलकूद की आयोजक प्रा. मल्लिका नागपुर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों से कबड्डी और फुटबॉल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है.



# एसटी बस का चक्का घुसा गड्ढे में, कोई जनहानि नहीं

## गड्ढे के आस-पास कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं




**गोंदिया.**

राज्य परिवहन महामंडल की गोंदिया डिपो की बस 13 दिसंबर की रात 8 बजे के दौरान रावणवाड़ी गोंदिया मार्ग पर सड़क पर बने एक गड्ढे में फस गई, लेकिन चालक की सतर्कता से बस पर तत्काल नियंत्रण पा लिया गया जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घटित नहीं हुई एवं बस में सवार यात्रियों ने राहत की सास ली। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रावणवाड़ी गोंदिया मार्ग पर इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण के दौरान ही पानी की निकासी के लिए सड़क के बीचोबिच एक गड्ढा खोदा गया है। लेकिन गड्ढे के आस-पास सुरक्षा के कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं किए गए है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।

13 दिसंबर को राज्य परिवहन निगम की बस दर्जनों यात्रियों को लेकर रावणवाड़ी से गोंदिया की ओर आ रही थी, इसी दौरान एसटी बस का सामने का हिस्सा पानी की निकासी के लिए बने गड्ढे में घुस गया। बस चालक ने तुरंत की स्थिती को देखते हुए बस को नियंत्रित कर लिया। जिसकी वजह से कोई अनहोनी घटना घटित नहीं हुई और बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। मिली जानकारी के अनुसार बस चालक को सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी से बचने और एक राहगीर को बचाने के प्रयास में बस का एक हिस्सा गड्ढे में घुस गया। लेकिन चालक ने तत्काल ही बस को नियंत्रित कर लिया। बता दें कि गोंदिया-रावणवाड़ी मार्ग का निर्माण कार्य इन दिनों चल रहा है। लेकिन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार और संबंधित विभाग ने निर्माणाधीन स्थलों पर जहां गड्ढे आदि खोदे गए है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए है और न ही कोई सूचना फलक अथवा संकेत दर्शाए है। जिसके कारण आने-जाने वाले वाहन चालकों को इस मार्ग पर आवागमन करते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### पानी आदि के छिड़काव की व्यवस्था करने की मांग

❍ इस मार्ग पर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो रही है। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से निर्माणाधीन सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सड़क पर उड़ रही धूल से राहगीरों को छुटकारा दिलाने के लिए पानी आदि के छिड़काव की व्यवस्था करने की मांग की है। 13 दिसंबर की रात यदि बस चालक समय रहते सजगता नहीं दिखाता तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

## वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की पैनी नजर



### 334 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 4 वाहन जब्त

**गोंदिया.**

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने एवं नियमों का उल्लंघन करनेवाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई का अभियान तेज कर दिया है। एक ही दिन में यातायात पुलिस ने 334 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। जिनमें से 4 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 136 ट्रिपल सीट वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई है। यह कार्रवाई 13 दिसंबर को रात 9 बजे तक की गई।

गौरतलब है कि शहर में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। 12 दिसंबर की रात गोंदिया शहर के जयस्तंभ चौक पर दुपहिया वाहन चालक द्वारा शहर की प्रख्यात चिकित्सक डा. जुली जैन को टक्कर मार दी गई। इस घटना में डा. जैन गंभीर रूप से घायल हो गई है। इस तरह की घटनाएं प्रतिदिन ही जिले में घटित हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात नजर आ रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवाले वाहन चालकों पर कार्रवाई का अभियान तेज कर दिया गया है। यातायात पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर ने जानकारी में बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन में सारे जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवाले वाहन चालकों पर कार्रवाई का अभियान शुरु कर दिया गया है। 13 दिसंबर को रात 9 बजे तक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। जिनमें 136 ट्रिपल सीट वाहन चालकों का समावेश है। साथ ही उचित दस्तावेज नहीं होने के कारण 4 वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई।

## पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में चंद्रपुर जिले का दबदबा

**गोंदिया.**

जिले में 11 दिसंबर से प्रारंभ हुए नागपुर परिक्षेत्रीय पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में विविध खेलों में परिक्षेत्र के 6 जिलों की टीमे भाग ले रही है। इस क्रीड़ा स्पर्धा में सांघिक और व्यक्तिगत दोनों प्रकार की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया है। जिनमें पुरूष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए 1 हजार मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, हाई जम्प, थाली फेक, गोला फेक, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हैंडबॉल, बॉस्केट बॉल, व्हालीबॉल, खो-खो, हॉकी एवं कबड्डी जैसी स्पर्धाए आयोजित की जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब तक के खेलों में चंद्रपुर जिले के खिलाड़ियों ने विविध स्पर्धाओं में 63 पदक जीतकर पदक तालिका में प्रथम स्थान पर कब्जा बनाए रखा है। चंद्रपुर जिले को अब तक 17 स्वर्ण, 25 रजत एवं 21 कास्य पदक प्राप्त हुए है। गडचिरोली जिला 49 पदों के साथ दुसरे स्थान पर है। गडचिरोली जिले के खिलाड़ियों ने अब तक 19 स्वर्ण, 13 रजत एवं 17 कास्य पदक जीते है। नागपुर ग्रामीण पुलिस बल के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कास्य पदकों के साथ 28 पदक पर कब्जा जमाया है। मेजबान गोंदिया जिले की खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण, 12 रजत एवं 17 कास्य पदक मिलाकर कुल 39 पदक जीते है और पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। भंडारा जिला 6 स्वर्ण एवं 6 कास्य पदक के साथ कुल 12 पदक जीतकर पांचवे स्थान पर है। जबकि वर्धा जिले ने 9 स्वर्ण, 7 रजत एवं 6 कास्य पदक मिलाकर कुल 22 पदक हासिल किए है। क्रीड़ा स्पर्धा का समापन 15 दिसंबर को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिती में होगा।

# स्कूल में कैसे पहुंचा एक्सपायर्ड तेल, गहन जांच की मांग

## > शालेय पोषाहार विषबाधा मामला, प्रिंसिपल निलंबित; आपूर्तिकर्ताओं और अधीक्षकों पर सवाल?

**हिंगनघाट.**



हिंगनघाट के वाघोली स्थित जिला परिषद स्कूल में फूड पॉइजनिंग के कारण छात्रों और शिक्षकों की हालत बिगड़ गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि एक्सपायर्ड तेल के इस्तेमाल के कारण विषबाधा हुई। इसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया। लेकिन अधीक्षक अशोक कोडापे, जो इस पोषण आहार की आपूर्ति और नियंत्रण की जिम्मेदारी संभालते हैं, पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यह सवाल उठ रहा है। वाघोली के जिला परिषद स्कूल में कुल 87 छात्र नामांकित हैं, जिनमें सोमवार को 85 छात्र उपस्थित थे। विद्यार्थियों को पोषाहार में मोट और खिचड़ी परोसी गई। नियमानुसार, इस आहार को पहले प्रिंसिपल और शिक्षकों ने खाया और फिर विद्यार्थियों को दिया गया। लेकिन इसके बाद, मंगलवार से शिक्षकों और छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। मंगलवार की सुबह से ही दो शिक्षकों समेत कुल 57 छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालांकि, अब सभी छात्रों का इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। शिक्षकों का कहना है कि सप्लायर अधिकारियों के संरक्षण में काम कर रहे हैं और उन पर कार्रवाई करने से बचा जा रहा है। शिक्षकों के अनुसार, सप्लायर "माल ले लो, नहीं तो छोड़ दो" जैसी भाषा का प्रयोग करते हैं। सवाल यह है कि क्या अधीक्षक अशोक कोडापे के रहते निष्पक्ष जांच संभव होगी? **शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी,** विषबाधा मामले की प्रारंभिक जांच हिंगनघाट पंचायत समिति की समूह शिक्षा अधिकारी अलका सोनवाने, विस्तार अधिकारी, और प्रभारी पोषण अधीक्षक अशोक कोडापे द्वारा की गई। उनकी रिपोर्ट के आधार पर प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया और विद्यालय के सभी शिक्षकों, रसोइयों एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रारंभिक जांच में एक्सपायर्ड तेल की पुष्टि, जांच में सामने आया कि विषबाधा का कारण एक्सपायर्ड सोयाबीन तेल का उपयोग था। इस कारण प्रिंसिपल अरुण पोहाणे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितिन रहमान ने निलंबित कर दिया और उन्हें समुद्रपुर पंचायत समिति में बने रहने का आदेश दिया गया है। **तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच,** घटना की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें समूह शिक्षा अधिकारी, विस्तार अधिकारी और लेखा अधिकारी शामिल होंगे। प्राथमिक शिक्षा अधिकारी डॉ. नीतू गवांडे ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निलंबन रद्द करने की मांग, विषबाधा के बाद प्रिंसिपल अरुण पोहाणे के निलंबन से ग्रामीण आक्रोशित हैं। वाघोली के निवासियों ने प्रिंसिपल का निलंबन रद्द करने और दोषी पोषण अधीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अभिभावकों ने विधायक समीर कुणावर से मुलाकात कर चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

### अधीक्षक की लापरवाही पर सवाल

❍ विद्यालय पोषाहार योजना के तहत अधीक्षकों को अनाज भंडार और गुणवत्ता की नियमित जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन यह मामला अधीक्षक अशोक कोडापे की लापरवाही को उजागर करता है। उनका विद्यालय में दौरा और निरीक्षण न करना, गंभीर चूक है। ग्रामीणों ने सप्लायर और अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

## राज्यस्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन



**वर्धा.** क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिल्हा क्रीडा परिषद व जिल्हा क्रीडा अधिकारी कार्यालय वर्धा द्वारा राज्य स्तरिय अंडर 19 मुले / मुली शालेय क्रिकेट स्पर्धा 11 दिसंबर से 16 दिसंबर तक पॅसिफिक क्रिकेट ग्राउंड हिंगणघाट में आयोजित किया गया है जिसमे महाराष्ट्र से मुंबई, कोल्हापूर, अमरावती, पुणे, नागपूर, लातूर, नाशिक, संभाजी नगर से मुले / मुली के टीम ने स्पर्धा मे सहभाग लिया हैं अंडर 19 मुले मे मुंबई ने प्रथम कोल्हापूर ने दुसरा और नाशिक ने तीसरा क्रमांक हासिल कीया हैं 13 डिसेंबर को महाराष्ट्र टीम का चयन जयराज मुंडे सर. , विनोद कपिले व मोहम्मद येतबार अली ने किया है 14 डिसेंबर से अंडर 19 मुली स्पर्धा की शुरुआत हुई जिसमें नाशिक विभाग, नागपूर विभाग, अमरावती विभाग व पुणे विभाग ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया 15 दिसंबर को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे और 16 दिसंबर को महाराष्ट्र टीम का चयन जयराज मुंडे सर , विनोद कपिले , मोहम्मद येतबार अली करेंगे स्पर्धा प्रमुख जिल्हा क्रीडा अधिकारी आशा मेश्राम क्रीडा अधिकारी अनिल निमगडे क्रीडा अधिकारी सायली चन्नावर तालुका क्रीडा संयोजक बी. एल. खांडरे, मजाज कुरैशी, विनोद भुते, कांतीलाल मोते , मुस्तफा बखश, अजय बारसागडे, अंपायर सचिन मुले, योगेश यादव, मोहम्मद अजानी, सुधीर मुलतकर ने निभाई.

## सड़क दुर्घटना में जखमी

**गोंदिया.** देवरी पुलिस थानांतर्गत फरियादी लोनी टाकली जिला अमरावती निवासी सलमान खान एजाज खान (27) यह अपनी मोटरसाईकिल से देवरी से गादी एवं चादर लेकर गांव-गांव में बिक्री के लिए गया था एवं अपना व्यवसाय कर आमगांव की ओर से देवरी की ओर आ रहा था, इसी दौरान आईटीआई कॉलेज के पास देवरी से आमगांव की ओर जा रही मोटरसाइकिल क्र. एमएच-35/एपी-4497 के चालक ने अपना वाहन तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए फरियादी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में फरियादी के दाएं पैर में मार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मंगलवार को शाम 5.45 बजे के दौरान घटित हुई। जखमी फरियादी के बयान एवं मेडिकल रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने अपराध क्र. 429/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार करंजेकर कर रहे है।

## समुद्रपुर पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### > 2.10 लाख रुपये का माल जब्त




**हिंगनघाट.**

नागपुर- हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर हल्दीराम होटल के पास समुद्रपुर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कार सहित 2,10,400 रुपये का माल जब्त किया है। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। समुद्रपुर थाना प्रभारी संतोष शेगावकर को गुप्त सूचना मिली थी कि राजमार्ग पर अवैध शराब की ढुलाई हो रही है। इस जानकारी के आधार पर उन्होंने अपनी टीम के साथ हल्दीराम होटल के पास वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से कार और शराब को जब्त कर लिया और इस मामले में अमर अशोक सुनके (33), निखिल प्रमोद काटकर (27), अविनाश नवरखेडे (फर्क) – तीनों हिंगनघाट निवासी, जिला वर्धा – और नागपुर के एक बार मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कुमार कवड़े, और उप-विभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देश पर की गई। थाना प्रभारी संतोष शेगावकर के नेतृत्व में डीबी टीम के पुलिस कर्मचारी रामदास चकोले, प्रकाश मैंद, कपिल मेश्राम और संजय वानखेडे ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

## अब वर्ष 2025 में ही जिप पदाधिकारियों के चुनाव की संभावना

**गोंदिया.** गोंदिया जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं 4 विषय समितियों के सभापतियों का ढाई वर्ष का कार्यकाल इस वर्ष 9 नवंबर को ही समाप्त हो गया है। जिसके बाद अगले ढाई वर्ष के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव होना था। लेकिन एक समय पर विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाने के कारण यह चुनाव समय पर नहीं हो सके थे। विधानसभा चुनाव के बाद अब यह चुनाव होने है, लेकिन इस संबंध में अब तक कोई अधिकारिक कार्रवाई शुरू नहीं होने के कारण अब नए पदाधिकारियों का चुनाव नए वर्ष 2025 में ही होने की संभावना है।

यह चुनाव अगले वर्ष जनवरी में होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में गोंदिया जिला परिषद में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठबंधन सत्ता में है। जिप अध्यक्ष का पद भाजपा तो उपाध्यक्ष का पद राकांपा के पास है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पिछले चुनाव के समय विधायक विनोद अग्रवाल के चाबी संगठन ने भी सत्तारूढ़ गठबंधन का साथ दिया था। लेकिन उनके कोटे में सभापति का पद नहीं मिला था। चूंकि विनोद अग्रवाल अब भाजपा के ही विधायक है। इसलिए नए पदाधिकारियों के चुनाव में उनकी भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी इसमें कोई दो मत नहीं है।

इस बार भी जिप अध्यक्ष का पद भाजपा के पास ही रहेगा। सहयोगी राकांपा को उपाध्यक्ष सहित एक सभापति पद मिल सकता है। महायुती के तिसरे घटक शिवसेना को कोई सदस्य जिला परिषद में नहीं है। जिसके चलते भाजपा एवं राकांपा के बीच ही सत्ता का बटवारा होना तय है। अब विधानसभा चुनाव में जिले की सभी सीटों पर महायुती के उम्मीदवार ही विधायक चुने गए है। इसलिए जिला परिषद के नए पदाधिकारियों के चयन में दोनों दलों को जहां एक ओर अपने वरिष्ठ सदस्यों को मौका देने का दबाव रहेगा, वहीं दुसरी ओर क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने में भी काफी मशक्कत करनी होगी। संभावित इच्छुक जिप सदस्यों ने अपने-अपने दल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभापति पद के लिए अपनी-अपनी लॉबिंग शुरू कर दी है। अब देखना यह है कि लॉटरी किस-किसके नाम की खुलती है।

## संडे हो या मंडे, कैसे खाएंगे अंडे

**गोंदिया.** महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है। आम नागरिकों की जेब ढिली होते जा रही है। सभी सामग्रियां महंगी ही देखी जा रही है। अब तो अंडे भी इससे अछूते नहीं रहे हैं। ठंड अधिक बढ़ने से अंडे मांग अधिक हो गई है। ऐसे में अंडे के भी दामों में तेजी से वृद्धि हुई है। एक माह पूर्व की बात करें तो एक अंडे की कीमत 4 से 5 रुपए थी, लेकिन अब यही अंडा चिल्लर दुकानों में 8 रुपए तक बिक्री किया जा रहा है। जिससे अंडे के शौकिनों की जेब पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि ठंड के दिनों में अंडे की मांग अधिक बढ़ जाती है। एक माह पूर्व जहां एक अंडे की कीमत 4 से 5 रुपए हुआ करती थी, वहीं अब एक अंडे की कीमत 8 रुपए तक हो गई है। सैकड़े के हिसाब से बात की जाए तो 100 अंडों की कीमत 650 रुपए बताई गई है। जबकि एक डजन अंडों की कीमत 85 रुपए बताई गई है। अंडों की मांग बढ़ने का कारण यह है कि अंडे गर्म होते हैं। शरीर को गर्माहट मिले, इसके लिए ठंड के दिनों में अंडों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है।

## प्राचार्य दिनकर मेघे स्मृति व्याख्यानमाला

### सभी क्षेत्रों में समानता, समाजवाद के लिए अपेक्षित: एड. मिर्जा




वर्धा. इस देश की संपत्ति मुट्ठी भर पूंजीपतियों के हाथों में केंद्रित है। डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर द्वारा अपेक्षित समाजवाद तभी पूरा होगा जब पूरे समाज में आर्थिक और अन्य सभी क्षेत्रों में समानता होगी, ऐसा प्रतिपादन उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ के वरिष्ठ वकील फिरदोस मिर्झा ने किया. वे 17वां प्रिंसिपल दिनकर मेघे मेमोरियल व्याख्यान में बोल रहे थे. स्थानीय सत्यनारायण बजाज सार्वजनिक जिला पुस्तकालय के सभागार में 'वर्तमान स्थिति में संवैधानिक समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता' विषय पर एड. मिर्जा का व्याख्यान आयोजित किया गया था. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गांधी विचारक, स्वतंत्रता सेनानी लीलाताई चितले ने की. दिनकर मेघे स्मृति ट्रस्ट की अध्यक्ष सविता मेघे, वरिष्ठ वकील एडवोकेट. डॉ.अशोक पावड़े,एड. प्रकाश मेघे की मुख्य उपस्थिति रही। व्याख्यान में बोलते हुए, एड. फिरदोस मिर्झा ने कहा कि, भारत की आजादी के समय धर्म के नाम पर एक देश को अलग कर दिया गया था. समय के साथ वह देश फिर से दो देश बन गये। दोनों देश एक ही धर्म के होने के बावजूद आज तक इनमें स्थिरता नहीं आ पाई है. धर्म के नाम पर बने देश विफल हो गए हैं। आजादी से पहले ही संविधान सभा ने पूरे देश से वादा किया था कि भारत धर्मनिरपेक्ष रहेगा। इतना ही नहीं, इस देश के अल्पसंख्यक समुदायों को उनके धर्म, भाषा और संस्कृति की सुरक्षा की गारंटी दी गई। एड. मिर्झा ने जोर देकर कहा कि धार्मिक गतिविधियों पर खर्च किया गया धन देश में सभी के लिए मुफ्त उच्च शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकता है।

## गोंदिया से 2 दिन नहीं चलेगी महाराष्ट्र एक्सप्रेस



**गोंदिया.**

गोंदिया से नागपुर अथवा आगे जाने के लिए अधिकांश गोंदिया के अधिकांश यात्री सुबह 8.15 बजे छूटने वाली महाराष्ट्र एक्सप्रेस से ही यात्रा करते हैं। लेकिन यह एक्सप्रेस गोंदिया से दो दिनों के लिए रद्द की गई है। यह ट्रेन गोंदिया के बजाय वर्धा से कोल्हापुर के लिए रवाना होगी। जिससे गोंदिया के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत संचालित गाड़ी संख्या 11039/11040 महाराष्ट्र एक्सप्रेस के परिचालन में कुछ बदलाव किया गया है। गाड़ी संख्या 11039 महाराष्ट्र एक्सप्रेस 16 एवं 17 दिसंबर 2024 को कोल्हापुर से गोंदिया आने के बजाय केवल वर्धा तक ही संचालित होगी। जबकि गाड़ी संख्या 11040 महाराष्ट्र एक्सप्रेस 18 और 19 दिसंबर को वर्धा से ही कोल्हापुर के लिए प्रस्थान करेंगी। अर्थात 18 एवं 19 दिसंबर को यह ट्रेन गोंदिया से संचालित नहीं होगी। महाराष्ट्र एक्सप्रेस को गोंदिया के यात्रियों के लिए लाइफलाइन मानी जाती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इसी ट्रेन से नागपुर की ओर जाते हैं। लेकिन दो दिनों तक यह ट्रेन गोंदिया से रद्द रहनेवाली है। ऐसे में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही जिन यात्रियों द्वारा पहले से ही इस ट्रेन में आरक्षण किया गया था, उन्हें भी अन्य ट्रेन का सहारा लेना पड़ेगा।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**गोंदिया.** देवरी तहसील के चिचगड पुलिस थानांतर्गत बोरगांव-फुटाना पालानगांव मुख्य मार्ग पर पदमपुर परिसर में दो मोटरसाईकिलों की आमने-सामने भीड़त हो जाने की घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना शनिवार 14 दिसंबर को दोपहर 2 बजे के दौरान घटित हुई। घटना में मृत व्यक्ति का नाम ग्राम पदमपुर तहसील देवरी निवासी कलिराम नेताम (45) बताया गया है, जबकि जखमी का नाम ग्राम कोसंबी बु. निवासी विशाल मडावी (19) बताया गया है। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार विशाल मडावी सिंदीबिरी गांव से पदमपुर होते हुए दुपहिया क्र. सीजी-08/आर-3115 से आ रहा था। इसी दौरान एक मोड़ पर दुपहिया क्र. एमएच-35/बी-7629 से उसका वाहन टकरा गया। जिसमें दुसरे वाहन पर सवार कलिराम नेताम की घटना परिसर पर ही मृत्यु हो गई, जबकि विशाल मडावी को उपचार के लिए ग्रामीण अस्पताल फुटाना में दाखिल कराया गया है।

# आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा में सुधार लाएगी 'गुरुशाला' पहल: गुंडे



**वर्धा.**

आदिवासी विकास विभाग ने अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। इस पहल का नाम 'गुरुशाला' है, जिसे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से लागू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सरकारी आश्रम विद्यालयों के छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करेगा। इस बारे में जानकारी आदिवासी विकास विभाग की आयुक्त नयना गुंडे ने दी। प्रदेश में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 497 शासकीय आश्रम शालाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग दो लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन छात्रों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 'गुरुशाला' पहल को लागू किया गया है। इस पहल के लिए विभाग ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ तीन वर्षों का समझौता ज्ञापन किया है। तीन चरणों में लागू होगी 'गुरुशाला' पहल

1. पहला चरण: विद्यार्थियों का शैक्षणिक मूल्यांकन किया जाएगा।
2. दूसरा चरण: शिक्षकों को क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
3. तीसरा चरण: विद्यालयों के अधीक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, जिससे पढ़ाई आसान और अधिक प्रभावी होगी। मॉडल स्कूल प्रतियोगिता में 287 प्रोजेक्ट हुए चयनित 'गुरुशाला' पहल के तहत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए मॉडल स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 497 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 287 परियोजनाएं अगले चरण के लिए चुनी गईं। इनमें: नासिक आयुक्तालय से 100, ठाणे आयुक्तालय से 91, नागपुर आयुक्तालय से 56, और अमरावती आयुक्तालय से 40 परियोजनाएं शामिल हैं। पहल से बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता नयना गुंडे ने विश्वास जताया कि 'गुरुशाला' पहल से आश्रम विद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। यह पहल न केवल शिक्षा को सरल बनाएगी, बल्कि छात्रों में बुनियादी कौशल का भी विकास करेगी। परिणामस्वरूप, आश्रम स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर में सुधार होगा।

# धान उत्पादक किसानों को दिलासा

## ऑनलाइन पंजीयन की अवधि 15 दिन बढ़ी

**गोंदिया.**



धान उत्पादक किसानों को शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर अपने धान की बिक्री करने के लिए ऑनलाईन पंजीयन करवाना अनिवार्य है। जिले में 2 लाख से अधिक धान उत्पादक किसान है। इस वर्ष खरीप मौसम के धान की बिक्री के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर रखी गई थी।

लेकिन अब तक केवल 1 लाख 18 हजार किसानों ने ही ऑनलाईन पंजीयन करवाया है। जिसे देखते हुए राज्य के खाद्य एवं नागरी आपूर्ति विभाग ने 13 दिसंबर को शासनादेश जारी कर ऑनलाईन पंजीयन की अवधी 15 दिन बढ़ा दी है। अब जिले के किसान 31 दिसंबर 2024 तक शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर जाकर अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इससे अब तक पंजीयन से वंचित रहे किसानों को बड़ी राहत मिली है। जिला मार्केटिंग फेडरेशन के 171 शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर अब तक 30 हजार 433 किसानों से 10 लाख 21 हजार 384 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसकी कीमत 234 करोड़ 91 लाख रूपए है। लेकिन अब तक शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर अपने धान की बिक्री करने वाले किसानों को उनके भूगतान की राशि नहीं मिली है।

### भूगतान की राशि खाते में ऑनलाईन डाली जाती है

गौरतलब है कि भूगतान की राशि किसानों के खाते में ऑनलाईन डाली जाती है। लेकिन वर्तमान में पोर्टल अपडेट का काम चलने के कारण किसानों के खाते में भूगतान की राशि वर्गीकृत करने में विलंब होने की बात जिला मार्केटिंग अधिकारी विवेक इंगले ने बताई है। उन्होने कहा कि जैसे ही पोर्टल अपडेट हो जाएगा और शासन की ओर से जैसे-जैसे भूगतान के लिए निधी उपलब्ध होगी वह तुरंत ही किसानों के खाते में ऑनलाईन डाल दी जाएगी।

# यातायात तो बंद कर दिया

## > पुल का निर्माण कार्य कब ?

**गोंदिया.**



आमगांव-सालेकसा मार्ग पर बाघ नदी पर बना पुल जर्जर अवस्था में आ जाने के कारण लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग पर पुल के दानों और हाइट बैरियर लगाकर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया है। दुपहिया एवं छोटे चौपहिया वाहन ही इस मार्ग पर चल रहे है। आमगांव होकर सालेकसा की ओर जाने वाली एसटी की बसे भी साकरीटोला-तिरखेड़ी होकर सालेकसा जा रही है। जिससे कावराबांध, साकरीटोला, झालिया आदि से आमगांव में पढ़ने के लिए आने वाले शालेय विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो बार अवैध व्यवसाय करने वालों ने रात्रि के समय अपने भारी वाहनों एवं टिप्परों को चलाने के लिए सरकार द्वारा लगाए गए हाईट बैरियर को भी तोड़ दिया। इसकी लोक निर्माण विभाग ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। अब आम नागरिकों का सवाल यह है कि सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक पुल पर से यातायात तो बंद कर दिया गया, लेकिन नए पुल का निर्माण कार्य कब शुरू होगा।

गौरतलब है कि बाघ नदी पर बना यह पुल धोकादायक होने की बात वर्ष 2016 के स्ट्रक्चरल ऑडिट में सामने आई थी। इसके बाद 8 वर्ष की अवधी बीत जाने के बावजूद इस स्थान पर नए पुल के लिए न तो सर्वे किया गया न प्रशासकीय मंजूरी दी गई। कुछ ही दिनों में विद्यार्थियों की परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी।

आमगांव से मध्यप्रदेश के कुल्पा होकर वापस सालेकसा की ओर जाने के लिए बसों को केवल 8 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, लेकिन इसके लिए मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला प्रशासन की मंजूरी लेनी होगी। यदि यह मंजूरी लेकर पहले के मार्ग से ही बसों का यातायात शुरू किया जाता है तो इससे समय तो बचेगा ही साथ ही मानव विकास की बसे पढ़ाई के लिए आमगांव की ओर जाने-जाने वाले विद्यार्थियों को भारी सुविधा होगी। इस बात की ओर नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण भी किया गया है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके कारण वर्तमान में पुल पर से ही विविध वाहनों से अथवा पैदल विद्यार्थियों का असुरक्षित पुल पर से असुरक्षित आवागमन चल रहा है। नागरिकों ने राज्य सरकार से बाघ नदी पर पुराने पुल के स्थान पर जल्द से जल्द नए पुल के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर इस कार्य को प्रारंभ करने की मांग की है।

# कवि एस. आर. शेंडे नागपुर में हुए सम्मानित



**सौंसर.** नागपुर के हिंदी साहित्य सम्मेलन सभागार में क्रांतिकारी कवि एस.आर.शेंडे के मुख्यातिथ्य एवं मार्गदाता पत्रिका के संपादक दिलेश मेश्राम की अध्यक्षता में प्रख्यात आम्बेडकरी चिंतक एवं कवि मनोहर गजभिये द्वारा लिखित " दायित्व का एहसास " एवं " प्रवास धारा " किताबों का प्रकाशन समारोह सम्पन्न हुआ। भारत के नामवंत साहित्यकारों की उपस्थिति में आयोजित गरिमामयी साहित्यिक समागम समारोह में डॉ. विजय पाटील, विद्या भोरजारे, दिलेश मेश्राम, मनोहर गजभिए के साथ राष्ट्रपति से पुरस्कृत क्रांतिकारी कवि एस.आर.शेंडे को उनके साहित्यिक,शैक्षणिक,सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल स्मृति चिन्ह,गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। पुस्तक प्रकाशन सह साहित्यिक समागम समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से पधारे साहित्यकार।

# शैक्षणिक वर्ष समाप्ति की ओर

## > हजारों विद्यार्थी गणवेश के इंतजार में

**गोंदिया.**



सरकार ने एक राज्य एक गणवेश का निर्णय लिया है। जिससे स्थानिक स्वराज्य संस्था की शालाओं में एक ही रंग के गणवेश रहेंगे। आसमानी रंग की शर्ट एवं नीले रंग के पैंट का इसमें समावेश है। कुछ माह बाद शैक्षणिक वर्ष समाप्त हो जाएगा। लेकिन अब भी हजारों विद्यार्थी गणवेश के इंतजार में है।

गौरतलब है कि सभी विद्यार्थी एक ही रंग के कपड़ों में दिखे, इसके लिए राज्य सरकार ने निर्णय लिया था। आधे से अधिक सत्र बीत चुका है। लेकिन अनेक विद्यार्थी आज भी गणेश का इंतजार कर रहे हैं। जिला परिषद की शालाओं में आसमानी रंग की शर्ट व नीले रंग की पैंट गणवेश रखा गया है। जिले के 71 हजार 324 विद्यार्थियों को गणवेश देना अपेक्षित था। लेकिन इनमें से मात्र 38 हजार 618 विद्यार्थियों को ही गणवेश मिल पाया है। जबकि 40 हजार 706 विद्यार्थियों को गणवेश नहीं मिला है। तहसीलवार देखा जाए तो अर्जुनी मोरगांव में 8 हजार 480 विद्यार्थी है। इनमें से 6 हजार 885 विद्यार्थियों को गणवेश मिला है। जबकि 1 हजार 595 विद्यार्थियों को गणवेश प्राप्त नहीं हुआ। इसी प्रकार आमगांव में 8 हजार 364 विद्यार्थी है। जहां सभी विद्यार्थियों को गणवेश प्राप्त हो चुका है। देवरी में 6 हजार 936 विद्यार्थियों में से 5573 को गणवेश मिला है और 1 हजार 362 विद्यार्थियों को गणवेश नहीं मिला है। गोंदिया में 19 हजार 976 विद्यार्थी है। इनमें से 4 हजार 574 विद्यार्थियों को गणवेश प्राप्त है और 15 हजार 402 विद्यार्थी गणवेश के इंतजार में है। गोरेगांव में 8 हजार 499 विद्यार्थी है।

### तहसील में 7 हजार 884 विद्यार्थी है

सड़क अर्जुनी तहसील में 7 हजार 884 विद्यार्थी है। इनमें से मात्र 250 को ही गणवेश प्राप्त हुआ है। जबकि 7 हजार 634 विद्यार्थी गणवेश के अभाव में है एवं तिरोड़ा तहसील में 12 हजार 224 विद्यार्थियों में से 5 हजार 433 विद्यार्थियों को गणवेश दिया गया है। जबकि 6 हजार 719 विद्यार्थी गणवेश के इंतजार में है। इस प्रकार जिले में कुल 79 हजार 324 विद्यार्थी होकर 38 हजार 618 विद्यार्थियों को गणवेश दिया गया है और 40 हजार 706 विद्यार्थी गणवेश के इंतजार में है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 560-1 | 678-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 127-0 | 277-6 |
| प्रभात | 258-5 | 469-9 |
| प्रभात नाईट | 578-0 | - |
| डायमंड | 367-6 | 335-1 |
| मेन बाजार | 290-1 | - |
| मिलन डे | 136-0 | 179-7 |
| मेन रतन | 258-5 | 188-7 |
| कल्याण | 479-0 | 157-3 |
| राजधानी डे | 678-1 | 235-0 |
| राजधानी नाईट | 456-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 238-3 | 155-1 |

# धम्मपद ग्रंथ वितरण कार्यक्रम संपन्न

**हिंगनघाट.**

स्थानीय सम्यक बुद्ध विहार, मेंकिंग प्रबुद्ध नगर हिंगणघाट यहां दिनांक 15 डिसेंबर 2024 को हिंगणघाट शहर के बुद्ध विहार पंच कमेटी में धम्मपद ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सुरुवात महा कारूणिक तथागत भगवान गौतम बुद्ध साथ ही महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रतिमा को माल्यापॆण करके और बुद्धवंदना करके की गई। इस वक्त विचारमंचपर कार्यक्रम अध्यक्ष प्रलय तेलंग (अध्यक्ष, सम्यक बुद्ध विहार बौद्ध पंच कमेटी, तथा माजी नगरसेवक) थे। साथ ही प्रमुख मार्गदर्शक .प्रा.प्रवीण कांबले (आंबेडकरी विचारवंत, तथा संपादक त्रैमासिक निलाई नागपूर) सूर्यकांत मुनघाटे (कवी, गझलकार), छत्रपाल तामगाडगे, नरेश पाटील, शरद कांबले, एस.आर. खेडकर (माजी प्राचार्य) की उपस्थिती थी।

उपस्थित मान्यवरो का पुष्प व पंचशील दुपट्टे प्रदान करके स्वागत किया गया।

धम्मपद ग्रंथ वितरण कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक प्रा. प्रवीण कांबले ने मार्गदर्शन करते हुए, मार्गशीर्ष पौर्णिमा का महत्त्व विशद करते बताया कि, बुद्ध के धम्मा त मार्गशीर्ष पौर्णिमा को महत्त्वपूर्ण मना जाता है। इस पौर्णिमां को बुद्ध के धम्म में महिला संघ का निर्माण किया गया। आंबेडकरी के आंदोलन की अवस्था बहुत ही खराब है। जिसमे हम ही एकदूसरे के टांग खींचने का काम करते है। ये प्रवृत्ती हमें रखनी चाहिए। और संघटित होकर कार्य करना चाहिए।

विचार मंच पर उपस्थित अन्य मान्यवरो ने भी मार्गदर्शन किया। जिसमे छत्रपती तामगाडगे ने पंचशील और दानपरमीता इसपर मार्गदर्शन किया। इसके साथ सूर्यकांत मुनघाटे (कवी, गझलकार) इन्होंने धम्मपद ग्रंथ विषय पर विस्तृत जानकारी दी। नरेश पाटील ने निलाई पर मार्गदर्शन किया। शरद कांबले ने धम्मपद ग्रंथ पर गीत सादर किया। विचार मंच पर उपस्थित कार्यक्रम अध्यक्ष प्रलय तेलंग ने अपने अध्यक्षीय भाषण में, हम अन्य को बड़े करने के लिए अपनी शक्ती, ऊर्जा खर्च करते है, ये रोकना चाहिए। और सभी ने एकसाथ आकर आंदोलन को शक्ति देनी चाहिए। साथ ही धम्मपद ग्रंथ के सरीखे अनमोल ग्रंथ का हमे वाचन, पठन, चिंतन, मनन करके बुद्ध के धम्म का प्रचार प्रसार करना चाहिए।

इसके बाद हिंगणघाट शहर के १२ बुद्ध विहार के महिला मंडल व पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थी। जिसमे सम्राट अशोक बुद्धविहार, भीमनगर वार्ड, संबोधी बुद्ध विहार, लुंबिनी नगर, महाबोधी काजी वार्ड, कल्पतरू बुद्धविहार वीर भगतसिंग वार्ड, क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले भीमनगर वार्ड, यशोधरा बुद्धविहार महात्मा फुले वार्ड, सिद्धार्थ बुद्धविहार सिद्धार्थ नगर, जीवक बुद्धविहार आदर्श नगर, सुमेध बुद्धविहार महात्मा फुले वार्ड, श्रावस्ती बुद्धविहार प्रज्ञा नगर, रमाई बुद्धविहार तथागत नगर साथ ही सम्यक बुद्धविहार प्रबुद्ध नगर इत्यादी बुद्ध विहार के मान्यवरो के हस्ते धम्मपद ग्रंथ भेट दी गई। कार्यक्रम प्रास्ताविक अमिषा तेलंग ने तो सूत्रसंचालन प्राचार्य अस्मिता भगत ने किया ।

कार्यक्रम आभार प्रदर्शन चंद्रकला उमरे ने किया। धम्मपद वितरण ग्रंथ कार्यक्रम सफलतार्थ भिमा झांमरे, कांता मानकर, आम्रपाली भालशंकर, मनीषा खेडकर, विशाखा भोंगाडे, रेखा इंदुरकर, मनोरमा बनसोड, तक्षशिला जामूनकर, बबीता ढेपे, अमित झांबरे, शाहरुख बक्ष, चिंतामण रिंगणे, सुधीर रिंगणे, केशव उमरे, सुधीर लिहितकर, सुरेश ढेपे इत्यादीं का योगदान रहा।




